क्रमांक-3

छत्तीसगढ़ विधानसभा

पत्रक भाग-दो

सोमवार, दिनांक 30 दिसम्बर, 2013 (पौष-9, 1935)

माननीय राज्यपाल महोदय के चल समारोह की रूपरेखा एवं विस्तृत प्रक्रिया

छत्तीसगढ़ की चतुर्थ विधान सभा का प्रथम सत्र सोमवार दिनांक 6 जनवरी, 2014 से आरंभ होगा। सत्र के दूसरे दिन मंगलवार, दिनांक 7 जनवरी, 2014 को छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल संविधान के अनुच्छेद 176 (1) के अनुसरण में विधान सभा भवन के सभा कक्ष में पूर्वाह्न 11:05 बजे बजे अभिभाषण करेंगे ।

मंगलवार दिनांक 7 जनवरी, 2014 को सभा की बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रारंभ होगी। सभी सदस्य अपना-अपना स्थान ग्रहण करेंगे। राष्ट्रगीत होगा एवं माननीय अध्यक्ष माननीय राज्यपाल के आगमन की सूचना देंगे एवं उनकी प्रतीक्षा करने के लिए सदस्यों से अनुरोध करेंगे। समस्त माननीय सदस्य सभा भवन में अपने स्थान पर शांतिपूर्वक बैठे रहेंगे तथा **माननीय अध्यक्ष, माननीय राज्यपाल के स्वागत के लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय संसदीय कार्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव विधान सभा के साथ** राज्यपाल द्वार पर माननीय राज्यपाल के स्वागत हेतु प्रस्थान करेंगे और माननीय राज्यपाल के आगमन की प्रतीक्षा करेंगे । माननीय राज्यपाल के राज्यपाल द्वार पर आगमन पर उनका स्वागत करेंगे। तद्उपरांत माननीय राज्यपाल महोदय निम्नानुसार निर्धारित चल समारोह के क्रम में सभा भवन में प्रवेश करेंगे।





1. चल समारोह जब सदन में प्रवेश करता है, तब सभा कक्ष के प्रवेश द्वार पर पहुंचते ही मार्शल राजयपाल के आगमन की घोषणा यह कहकर करेंगे कि :- **"माननीय सदस्यगण, माननीय राज्यपाल महोदय"** । ऐसी घोषणा होने पर सभा भवन में उपस्थित समस्त सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो जायेंगे।

2. सभा भवन के गर्भगृह में पहुंचने पर चौबदार, माननीय राज्यपाल के ए.डी.सी.(परिसहाय), माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय संसदीय कार्यमंत्री, माननीय मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव, विधान सभा एवं माननीय राज्यपाल के प्रमुख सचिव अपने बैठने के स्थान की ओर चले जायेंगे और अपना स्थान ग्रहण करेंगे।

3. मंच पर मार्शल, माननीय राज्यपाल के ए.डी.सी. (परिसहाय) क्रमश: माननीय अध्यक्ष एवं माननीय राज्यपाल की कर्सी के पीछे खड़े रहेंगे। माननीय अध्यक्ष माननीय राज्यपाल के बाई ओर बैठेंगे। जैसे ही माननीय राज्यपाल अपने आसन पर पहुंचेंगे, दर्शक दीर्घा में स्थित पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन बजायी जायेगी। माननीय राज्यपाल महोदय के सभा भवन में प्रवेश से लेकर माननीय राज्यपाल के अपनी कुर्सी पर पहुंचने एवं राष्ट्रधुन की समाप्ति तक समस्त माननीय सदस्य अपने स्थान पर खड़े रहेंगे।

4. माननीय राज्यपाल अपना अभिभाषण पढ़ेंगे। यह परम्परा है कि जब माननीय राज्यपाल अपना अभिभाषण पढ़ते हैं, सदस्य पूर्ण शांति बनाये रखते हैं और अभिभाषण के दौरान किसी भी प्रकार की व्यवस्था का प्रश्न, बहिष्कार या अन्य प्रकार से व्यवधान पैदा नहीं किया जाता है और माननीय राज्यपाल के प्रति पूर्ण आदर एवं सम्मान की भावना व्यक्त की जाती है।

5. अभिभाषण के पश्चात् पुन: दर्शक दीर्घा में स्थित पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन बजायी जाती है और फिर माननीय राज्यपाल उसी प्रकार चल समारोह के साथ उसी मार्ग से वापस जाते हैं, जिस मार्ग से और जिस प्रकार चल समारोह के साथ माननीय राज्यपाल प्रवेश करते है । जब माननीय राज्यपाल सभा भवन से बाहर जाते हैं, तब सभी सदस्य अपने स्थान पर उनके सम्मान में खड़े रहते हैं।

6. अभिभाषण की समाप्ति एवं माननीय राज्यपाल के सभा से चले जाने के पश्चात् सदस्य अपना स्थान ग्रहण करेंगे और उस दिन के लिए नियत कार्यवाही के लिए अध्यक्ष के वापस आने की प्रतीक्षा करेंगे।

माननीय राज्यपाल का अभिभाषण - कृतज्ञता ज्ञापन एवं कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर संशोधन

छत्तीसगढ़ विधान सभा प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 14 के अन्तर्गत माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर किसी एक सदस्य के द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है और किसी दूसरे सदस्य के द्वारा उसका समर्थन किया जाता है।

माननीय अध्यक्ष ने माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत किए जाने वाले कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर संशोधन देने के लिए मंगलवार, दिनांक 7 जनवरी, 2014 को अपराह्न 4.00 बजे तक का समय नियत किया है तथा माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हेतु दिनांक 8, 9 एवं 10 जनवरी, 2014 अस्थायी रूप से नियत किये गये है।

समस्त सदस्यों से अपेक्षा है कि माननीय राज्यपाल के विधान सभा में आगमन पर सभा की गरिमा के अनुरूप समारोह के संपन्न होने में सहयोग करेंगे।

देवेन्द्र वर्मा,
प्रमुख सचिव.